## दिनांक 08.05.2023 को बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की 401वीं साधारण बैठक की कार्यवाही :–

**उपस्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संदीप पौण्डरीक | अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग –सह– अध्यक्ष, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड | अध्यक्ष |
| 2. | श्री पंकज दीक्षित | उद्योग निदेशक | सदस्य |
| 3. | श्री दिलीप कुमार | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड | सदस्य सचिव |
| 4. | श्री अनिल कुमार | आंतरिक वित्तीय सलाहकार | सदस्य |
| 5. | श्री विवेक रंजन मैत्रेय | निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम | सदस्य |

| क्र० | बैठक में रखे गये प्रस्ताव | बोर्ड का निर्णय |
|---|---|---|
| 1. | श्री दिलीप कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड को निम्नलिखित वित्तीय शक्तियाँ प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन–<br>1. राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन हेतु सभी वित्तीय अधिकार।<br>2. रू0 – 50.00 लाख तक का भुगतान।<br>3. रू0 – 50.00 लाख तक के निविदा की स्वीकृति।<br>4. खादी मॉल में खादी की लोकप्रियता और बिक्री को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की वित्तीय सहायता बिना ग्राहक योजना और 50 प्रतिशत तक की छूट की योजना लागू करना।<br>5. रेलवे स्टेशनों, हवाई अडडों और वाणिज्यिक स्थानों पर आउटलेट खोलने के लिए स्थल चयन।<br>6. राज्य के अन्दर प्रशिक्षण कार्यक्रमों और खादी मेलों के आयोजन के लिए स्थल एवं समय निर्धारण। | 1. **प्रस्ताव 1.1** स्वीकृत नहीं।<br>2. **प्रस्ताव 1.2** रु0 25 लाख तक के भुगतान की वित्तीय शक्ति मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पास रहेगी। इस राशि से अधिक के मामले बोर्ड की स्वीकृति के लिए रखे जाएँगे।<br>3. **प्रस्ताव 1.3** रु0 25 लाख तक की निविदा की स्वीकृति की शक्ति मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पास रहेगी। इस राशि से अधिक के मामले बोर्ड की स्वीकृति के लिए रखे जाएँगे।<br>4. **प्रस्ताव 1.4** स्वीकृत।<br>5. **प्रस्ताव 1.5** स्वीकृत।<br>6. **प्रस्ताव 1.6** स्वीकृत। |
| 2. | खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के अनुपालन के लिए पी.एम.ए. रखने का प्रस्ताव<br><u>Category 'A' में 6 पद</u><br>1. Team Leader, Design & Development Specialist, Marketing Specialist, Senior Accountant Cum Procurement Specialist, IT & MIS Specialist and Producer Writer (Bilingual)<br><u>Category 'B' में 19 पद</u><br>E-Commerce Specialist, Marketing Executive Field level Offices, Office Executive (3), Digital Video Editor, Graphics Designer, Cameraman, IT & MIS Expert (2), Accountant (2), Cashier (2), Field Executive (2), Design Expert, Khadi Expert and Charkha Mechanic. | बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का योजना आकार वित्तीय वर्ष 2022–23 में मात्र 10 करोड़ रुपये का है। इस योजना को लागू करने के लिए 2.25 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष का खर्च काफी ज्यादा है। इसलिए पी.एम.ए. रखने का प्रस्ताव अस्वीकृत किया जाता है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | इस संबंध में Nangia & Co. LLP in Consortium with Overseas Min-Tech Consultants का प्रस्ताव रु0 6.76 करोड़ (छः करोड़ छिहत्तर लाख) तीन वर्षों के लिए है। लेकिन आयोग का कुल बजट मात्र 10 करोड़ रुपये का है। ऐसे में पी.एम.ए. पर प्रतिवर्ष 2.25 करोड़ का व्यय काफी अधिक है। अतः पी.एम.ए. के रखने के प्रस्ताव को रद्द करने पर बोर्ड का निर्णय अपेक्षित है। | |
| 3. | बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में अभी 127 (विवरण संलग्न) पद रिक्त हैं। इनमें 110 पदों जिनपर स्थायी नियुक्ति या निकट भविष्य में पदोन्नति से भरे जाने की कोई योजना नहीं है। इन सभी पदों की तत्काल प्रभाव से समाप्ति तथा भविष्य में आवश्यकतानुसार बोर्ड की सहमति से संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति एवं अन्य कार्यो के लिए एजेन्सी के माध्यम से स्टाफ हायरिंग की व्यवस्था से संबंधित प्रस्ताव बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत है। | 110 पदों के अभ्यर्पण का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है। इसके लिए चिन्हित किये गये पदों के अभ्यर्पण संबंधी अधिसूचना जारी करें। |
| 4. | बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 10 सीनियर प्रोफेशनल (मानदेय 50,000/– रुपये), 22 यंग प्रोफेशनल (मानदेय 30,000/– रुपये) तथा 03 यंग प्रोफेशनल मेकेनिकल (मानदेय 35,000/– रुपये) रखने का प्रस्ताव है।<br>इन प्रोफेशनल द्वारा बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को सहयोग प्रदान किया जाएगा।<br>सादर अनुमोदनार्थ। | योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 10 सीनियर प्रोफेशनल (मानदेय 50,000/– रुपये) तथा 25 यंग प्रोफेशनल (मानदेय 30,000/– रुपये) रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी जाती है। |
| 5. | पूर्व में विभाग को पद सृजन या वेतन वृद्धि के संबंध में जितने भी प्रस्ताव भेजे गये हैं उनकी पुनर्समीक्षा की जाए और अनावश्यक रूप से खर्च बढ़ाने वाले प्रस्ताव को वापस लेने पर भी विचार किया जाए। | यदि इस प्रकार का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचार के लिए भेजा गया है तो उसकी पुनर्समीक्षा की जाए। |

13/5/23

अपर मुख्य सचिव–सह–अध्यक्ष
बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
पटना।

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक :–225 पटना, दिनांक :– 19/05/2023

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग–सह–अध्यक्ष, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना के आप्त सचिव/विशेष सचिव/उद्योग निदेशक/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
पटना।

ज्ञापांक :– 225 पटना, दिनांक :– 19/05/2023

प्रतिलिपि :– सहायक लेखा पदाधिकारी/संबंधित प्रभारी सहायक/निर्गत प्रभारी गार्ड एवं निजी संचिका, खादी बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
पटना।

Scanned with OKEN Scanner